» न्यूज-ब्रीफ

पुलिस स्थापना दिवस पर एसएचओ व स्टाफ का किया सम्मान

मुकुंदगढ़ (सीमा सन्देश सं)। राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस पर व्यापारियों की ओर से पुलिसकर्मियों का सम्मान किया गया।इस मौके पर शहर व्यापार संघ अध्यक्ष पवन पचलंगिया के नेतृत्व में व्यापारियों ने एसएचओ सरदारमल यादव समेत थाना स्टाफ का दुपट्टा ओंढाकर व मिठाई खिलाकर सम्मान किया व पुलिस दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम में व्यवसायी सुशील मोदी,सज्जन बेसवाल,महेश पारासर,अशोक मोदी आदि मौजूद रहे।

बलरिया के अष्टभुजा दुर्गा मंदिर में पक्षियों के लिए लगाए परिंडे

मुकुंदगढ़ (सीमा सन्देश सं)। गांव बलरिया के अष्टभुजा दुर्गा मंदिर में गर्मी के मौसम को देखते हुए पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए। इस दौरान मौजूद ग्रामीणों ने परिंडों में नियमित रूप से पानी डालने का संकल्प लिया। इस मौके पर बहादुर सिंह शेखावत,मुकेश शर्मा झुंझुनूं,प्रधानाचार्य सरोज शर्मा,महेंद्र सिंह मील,रामकरण ढाका,सुरेंद्र कुमार,खेमसिंह मील,सुभाष शर्मा,रणजीत खीचड़,पलक शर्मा आदि मौजूद रहे।

मुकुंदगढ़ मंडी में सहकारिता राज्य मंत्री गौतम दक का किया स्वागत

मुकुंदगढ़ (सीमा सन्देश सं)। मुकुंदगढ़ मंडी में मुख्य चौराहे पर सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन विभाग के राज्य मंत्री गौतम कुमार दक का स्वागत किया गया।राज्यमंत्री दक पंचदेव मंदिर झुंझुनू में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे थे।इस दौरान वे कुछ समय के लिए यहां रूके। मौके पर वैश्य समाज मुकुंदगढ़ मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार गोयल, भाजपा मुकुंदगढ़ मंडल अध्यक्ष कपिल शर्मा, मंडी व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रदीप मुहाल, सरपंच प्रतिनिधि राहुल सोटवारा,घोड़ीवारा खुर्द सरपंच रघुवीर झूरिया,महेश गोयल, राजेश ख्यालिया, सुरेंद्र शर्मा, रामप्रताप सैनी, महेश पाराशर, सुधीर गनेड़ीवाल, रोबिन गुर्जर, कमल मूंदड़ा, वीरेंद्र शाह, आलोक केडिया, जीवनराम केडिया, श्रीराम दतुसलिया, संदीप दतुसलिया, सुमित, श्याम सिंह, मुरारी , राकेश मील आदि ने राज्यमंत्री दक का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

बिजली कर्मचारियों ने पक्षियों के लिए चलाया परिंडा अभियान

झुंझुनूं (सीमा सन्देश सं)। भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध अजमेर विद्युत श्रमिक संघ की ओर से जिलेभर में पक्षियों के लिए पानी और चुगे की व्यवस्था के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत 500 परिंडे लगाने का निर्णय लिया गया है। जिला महामंत्री सुरेश कुमार शर्मा ने बताया कि यह अभियान झुंझुनूं शहरी, झुंझुनूं ग्रामीण, मंडावा, बगड़, चिड़ावा, पिलानी, बुहाना, बड़ागांव आदि उपखंडों में संचालित किया जाएगा। परिंडे लगाकर नियमित रूप से उनमें पानी व दाना (चुग्गा) डाला जाएगा। ताकि गर्मी में बेजुबान पक्षियों को राहत मिल सके। संघ ने इस कार्य को नियमित अभियान के रूप में जारी रखने का संकल्प लिया है। अभियान के तहत झुंझुनूं शहरी उपखंड में सहायक अभियंता अरविंद कुमार, राजस्व अधिकारी पंकज शर्मा, सुनिल शर्मा, सोमेश स्वामी, अनिल मीणा, जितेश सैनी, राकेश चाहर, अजय जांगिड़, वसीम अली, विशाल करणावत, होशियार सिंह, सीताराम योगी, पूर्णमल और शीशराम सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। ग्रामीण झुंझुनूं क्षेत्र में सत्यप्रकाश शर्मा, नवीन डांगी, नरेश कुमार आदि ने अभियान को सफलतापूर्वक चलाया।

राजस्थान थांग ता संघ का प्रयास

चार खिलाड़ियों का खेलों इंडिया यूथ गेम्स के लिए हुआ चयन

झुंझुनूं (सीमा सन्देश सं)। पारंपरिक खेल राजस्थान थांग-ता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रही झुंझुनूं निवासी राजस्थान थांग ता संघ की प्रदेश सचिव कोमल कंवर और टेक्निकल डायरेक्टर उम्मेदसिंह के प्रयास अब रंग लाने? लगे हैं। इसी का परिणाम है कि हाल ही में राजस्थान थांग ता संघ के चार खिलाड़ियों का चयन सातवें खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के लिए हुआ है।

यह प्रतियोगिता बिहार के गया जिले में 12 से 14 मई को आयोजित होगी। प्रदेश सचिव कोमल कंवर ने बताया कि इन खिलाड़ियों का चयन 30वीं राष्ट्रीय जूनियर थांग-ता चैंपियनशिप 2024 के दौरान योग्यता के आधार पर हुआ है। प्रदेश सचिव कोमल ने बताया कि भावेश, राहुल यादव, लक्की सिंह एवं कविता का चयन हुआ है। संघ के टेक्निकल डायरेक्टर उम्मेद सिंह ने बताया कि खिलाड़ियों को खेल का प्रशिक्षण देने के लिए सात दिवसीय कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिसमें खिलाड़ियों पर बारीकी से ध्यान देकर उनको प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस मौके पर संघ के डॉ. सुरेंद्र सिंह शेखावत, सूर्यकांत, बृजराज सिंह, अजय सिंह, राकेश सैनी, मुकेश योगी, ओमप्रकाश, विजितपाल, टीकाराम यादव और गिरिराज सैनी इत्यादि ने मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी।

थांग ता के प्रति बढ़ने लगी रूचि

राजस्थान में थांग ता खेल पारम्परिक खेलों में से एक है जो समय के साथ विलुप्त होने के कगार पर पहुंच गया था। लेकिन राजस्थान थांग ता संघ की प्रदेश सचिव कोमल कंवर व अन्य पदाधिकारियों के सफल प्रयासों से अब इस खेल के प्रति रूचि बढ़ने लगी है। प्रदेश सचिव कोमल ने बताया कि अब यह खेल ना केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी खेला जा रहा है। प्रदेश में भी थांग ता खेल को लेकर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है तो वहीं जिला स्तर पर खिलाड़ियों का चयन कर उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

मुकुंदगढ़ पंचायत समिति बनाओ संघर्ष समिति की बैठक

- मुख्यमंत्री को झुंझुनूं दौरे के दौरान ज्ञापन देने का लिया निर्णय

मुकुंदगढ़ (सीमा सन्देश सं)। मुकुंदगढ़ पंचायत समिति बनाओ संघर्ष समिति कोर कमेटी की बैठक गुरुवार को समिति अध्यक्ष विनोद बिर्ख की अध्यक्षता में हुई।

समिति के महेश डोटासरा ने बताया कि बैठक मे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के झुंझुनूं दौरे के दौरान मुकुंदगढ़ पंचायत समिति के गठन को लेकर ज्ञापन देने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान संघर्ष समिति सदस्यों ने सर्वसम्मति से नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को शांतिपूर्ण ढंग से ज्ञापन देने का निर्णय लिया। बैठक मे इंद्राज सिंह मील, रामनाथ सिंह बांगड़वा, क्रय विक्रय सहकारी समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश डोटासरा,प्रदीप मुहाल,महेंद्र दादरवाल, विजेंद्र सिंह कुलहरी,महेश डोटासरा, आनंद स्वामी, बजरंग लाल जांगिड़, सुखराम सिंह, ओमप्रकाश बिर्ख, पूर्णमल खीचड़, राजेश धाभाई घोड़ीवारा आदि सदस्य उपस्थित थे। उधर,संघर्ष समिति की ओर से मुकुंदगढ़ पंचायत समिति बनाने की मांग को लेकर गांवों में जनजागरण अभियान गुरुवार को दूसरे दिन भी जारी रहा।

मुकुंदगढ़ में मुख्यमंत्री के दौरे को व्यवस्था की तैयारियों का लिया जायजा

मुकुंदगढ़ (सीमा सन्देश सं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 20 अप्रैल को शेखावाटी क्षेत्र के प्रस्तावित कार्यक्रम के दौरान मुकुंदगढ़ में होने वाले कार्यक्रम की व्यवस्था की तैयारियों को लेकर गुरुवार दोपहर भाजपा नेताओं व अधिकारियों ने जायजा लिया। स्थान निर्धारण के लिए बाकरेवाला स्टेडियम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच , भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम को लेकर मौका स्थल का जायजा लिया।इस दौरान जिला कलेक्टर रामावतार मीणा,एसपी शरद चौधरी, मुकुंदगढ़ चेयरमैन मनीष चौधरी, नवलगढ़ एसडीएम जयसिंह,भाजपा नेता राजेश बाबल,पार्षद प्रतिनिधि कपिल सैनी समेत पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता व अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

कविता गायन की स्वर लहरियों के साथ ऊंची कूद और लम्बी कूद में भी छात्राध्यापिकाएं अव्वल

नवलगढ़ (सीमा सन्देश सं)। एस. एन. गर्ल्स बी.एड. कॉलेज में खेलकूद सांस्कृतिक सप्ताह के तीसरे दिन लम्बी कूद, ऊंची कूद, तीन टांग दौड़, म्यूजिकल चैयर गेम, कविता पाठ, एकल गायन एवं समूह गायन आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया।

तीसरे दिन कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका में डॉ. अनिल कुमार शर्मा हिन्दी के विद्वान, प्राचार्य डॉ. संतोष पिलानियां एवं समस्त स्टाफ ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर गतिविधियों का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर छात्राध्यापिकाओं ने खेलकूद गतिविधियों में बढ-चढकर भाग तो लिया ही साथ ही कविता और गायन की स्वर लहरियों से सभी का मन मोह लिया। सामूहिक गायन में प्रियंका नरडिया एण्ड ग्रुप प्रथम, रीना एण्ड ग्रुप द्वितीय व आशा सैनी एण्ड ग्रुप तृतीय स्थान पर रही। एक गायन में निकिता प्रथम, संध्या द्वितीय एवं रंजना अलडिया तृतीय स्थान पर रही। लम्बी कूद में कृष्णा कुमारी खीचड़ प्रथम, रितु कुमारी द्वितीय, आशा सैनी एवं रेणु कुमारी तृतीय स्थान पर रही। ऊंचीकूद में स्नेहलता पायल प्रथम, रितु कुमारी व रितु सुण्डा द्वितीय स्थान पर रही।वही तीन टांग दौड़ में योगिता चावला व रितु कुमारी की जोड़ी प्रथम, प्रियंका नरडिया व बंटेश द्वितीय तथा रितु सैनी व सरस्वती तृतीय स्थान पर रही। म्युजिकल चैयर गेम में ममता कुमारी विजेता रही। कविता पाठ में प्रियंका नरडिया प्रथम, गुंजन द्वितीय व अनुजा सैनी तृतीय स्थान पर रही। डॉ. अनिल शर्मा ने छात्राध्यापिकाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि हर एक सफल पुरुष के पीछे, एक नारी का हाथ है।अतः आप अपने नारीत्व जैसे पवित्र स्वरूप को पहचाने और अपनी एक अलग छाप समाज में छोड़े। प्राचार्य डॉ. संतोष पिलानियां ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर व्याख्याता जगदीश प्रसाद सैनी, डॉ. माया सांखला, पूजा सैनी, सुन्दरमल सैनी व संदीप सैनी उपस्थित रहे।

आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु डोर-स्टेप काउंसलिंग व विधिक चेतना शिविर

ब्यावर, (सीमा सन्देश सं)। आगामी 10 मई को आयोजित होने वाली द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत ग्राम पंचायत नरबदखेड़ा में आज प्रशासन के सहयोग से डोर-स्टेप काउंसलिंग व मेगा विधिक चेतना शिविर का आयोजन किया गया। तालुका अध्यक्ष एवं अपर जिला न्यायाधीश सं.3, ब्यावर विजयप्रकाश सोनी ने बताया कि उक्त शिविर में पैनल सदस्यगण नरेन्द्र शर्मा, संजय सिंह गहलोत, ग्राम सरपंच आनन्द सिंह द्वारा संबंधित पक्षकारान के राजीनामा योग्य दीवानी, फौजदारी, चैक अनादरण, राजस्व, किराया अधिकरण, मोटरवाहन के लंबित मामलों में समझाईश के माध्यम से निस्तारित करवाने के प्रयास किये गये।

ट्रेलर में आग लगने से चालक की जिंदा जलने से मौत

ब्यावर, (सीमा सन्देश सं)। ब्यावर के समीप नेशनल हाइवे 25 पर एक तेज रफ्तार ट्रेलर मोड़ पर डिवाइडर से टकरा गया। ट्रेलर का पिछला हिस्सा टूटकर अलग हो गया और कंटेनर समेत पलट गया। ट्रेलर का केबिन घिसटता हुआ लगभग 100 मीटर तक गया और सामने से आ रहे दूसरे ट्रेलर से टकरा गया, जिसके बाद उसमें आग लग गई। केबिन में फंसे होने के कारण ड्राइवर बाहर नहीं निकल पाया और जिंदा जलने से उसकी मौत हो गई। यह हादसा ब्यावर-पाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामलालपुरा घाटी में बुधवार रात करीब 10:30 बजे हुआ।

एसोसियेशन ऑफ अलायंस क्लब्स इंटरनेशनल के प्रांत 124 की कार्यकारिणी का पदस्थापन 19 को

नवलगढ़ (सीमा सन्देश सं)। एसोसियेशन ऑफ अलायंस क्लब्स इंटरनेशनल के प्रांत 124 की कार्यकारिणी का गठन 19 अप्रेल को सांय 6 बजे जांगिड अस्पताल परिसर में आयोजित होगा।

कार्यक्रम के संयोजक पूर्व प्रांतपाल योगेश सोनी ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता गोठडा सीमेंट फैक्ट्री के यूनिट हैड एच.सी गुप्ता करेंगे।मुख्य अतिथि भामाशाह सुरेन्द्र कलवानिया बड़वासी होंगे। कार्यकारिणी को शपथ पूर्व अंतराष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दयाशंकर जांगिड दिलायेंगे।वर्ष 2025-26 के प्रांतपाल आदर्श सेवानिवृत शिक्षक रामावतार सबलानिया,सह प्रांतपाल पंकज शाह,सचिव महेन्द कुमार सैनी,कोषाध्यक्ष सुरेश सोनी,पीआरओ मुरली मनोहर चोबदार तथा पूर्व प्रांतपाल डॉ राजेश सैनी को शपथ दिलाई जायेगी।

इस अवसर पर अलायंस क्लब लार्ड कृष्णा के अध्यक्ष सुहित पाडिया, राधाकृष्ण के के अध्यक्ष अश्विनी कुमार महर्षि,इन्द्र के के अध्यक्ष प्रियंक चोखानी,मानव के अध्यक्ष वृक्षमित्र श्रवण जाखड ,हमदर्द के अध्यक्ष जीतेन्द्र कुमार सीए,बालाजी के अध्यक्ष योगेश सोनी,दोस्ती के अध्यक्ष नेमीचंद चोबदार,सूर्या के अध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी को भी शपथ दिलाई जायेगी।

इस अवसर पर वर्ष भर उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्यों का सम्मान भी किया जायेगा। सभी क्लब के सदस्य तथा नवलगढ़ के आमंत्रित अतिथि भाग लेंगे। कार्यक्रम मे नए कार्यक्रमों का आगाज भी किया जायेगा।

जिंदा दिल इंसान थे माणक मणि मोट

झुंझुनूं (सीमा सन्देश सं)। जिला मुख्यालय स्थित अल्पसंख्यक मामलात कार्यालय के सभा भवन में गुरूवार को झुंझुनूं की पांच दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने झुंझुनूं के वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार कवि एवं लेखक माणक मणि मोट को जिंदा दिल इंसान बताते हुए कहा कि उनकी लेखनी एवं कार्यशैली तथा वाणी में वह मिठास था जो हर किसी को अपना बना लेते थे।

श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ पत्रकार माणक मणि मोट, वरिष्ठ पत्रकार राजन चौधरी की माताश्री श्रीमती चनणी देवी, पूर्व सूचना एवं जनसंपर्क कर्मी साजिद भाटी की माताश्री सलमा बानो, वरिष्ठ पत्रकार फैयाज अली के भाई अली शेर भाटी और झुंझुनूं का आंचल समाचार पत्र के सम्पादक सूरज प्रकाश पुरोहित के निधन को असामयिक और अपूर्णिय क्षति बताते हुए श्रद्धांजलि सभा में इन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन भी किया। श्रद्धांजलि सभा में मदरसा बोर्ड के चेयरमैन एमडी चौपदार, कांग्रेस जिलाध्यक्ष व नवलगढ़ पंचायत समिति प्रधान दिनेश सुण्डा, बुहाना प्रधान हरिकृष्ण कुमार यादव, जीवेम समूह के चेयरमैन व शिक्षाविद डॉ. दिलीप मोदी, एपीआरओ विकास चाहर, चिकित्सा विभाग के आईईसी कॉर्डिनेटर डॉ. महेश कड़वासरा, रामगोपाल महमिया, विजयगोपाल मोटसरा, मूलचंद झाझड़िया, ताराचंद गुप्ता भोड़कीवाले, लियाकत अली, शिव कुमार शर्मा (शिव प्रेस) सहित अन्य वक्ताओं ने संस्मरण बताते हुए दिवंगत आत्माओ के लिए शांति की प्रार्थना की। कार्यक्रम में विभिन्न समाचार पत्रों एवं चैनल से जुड़े सभी मीडियाकर्मियों एवं जनसंपर्क कर्मियों एवं कुरड़ाराम धींवा, नरेंद्र खेदड़, राजस्थान के शहीदों की मूर्तिया बनाने वाले खुडानियां के मूर्तिकार वीरेंद्रसिंह शेखावत ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। रिटायर्ड पीआरओ, लोकपाल एवं स्व. माणक मणि मोट के लेखन में सहभागी सवाई सिंह मालावत ने बताया कि माणक मणि मोट ने डेढ़ दर्जन से अधिक पुस्तकों का लेखन एवं सम्पादन किया है। वहीं उनकी दो काव्य रचना की पुस्तकें भी प्रकाशित हुई हैं और अभी भी पांच पुस्तकें प्रकाशनाधीन हैं। कार्यक्रम का संचालन उद्घोषक मूलचन्द झाझड़िया ने किया।

Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd., JAIPUR
No.NIT/2025-26/1845-60 **निविदा सूचना /2025-26** Date:17.04.2025
निम्नलिखित कार्यों के लिए केन्द्र/राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों द्वारा पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में मोहरबन्द/ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैः-

कार्य का विवरण	कार्य की अनुमानित लागत (रु.)	निविदा सूचना संख्या
Providing & Laying CPVC Pipes at Terrace at Rajasthan High Court, Jodhpur. UBN: RRC2526WSOB00038	04.96 Lakh	ई-017/ 25-26
Providing & Laying Roller Blinds in Registrar's Room at Rajasthan High Court, Jodhpur. UBN: RRC2526WSOB00039	03.10 Lakh	
Electric work at 2 Nos. IV Type Quarter at RSJA. Jodhpur. UBN: RRC2526WSOB00046	02.70 Lakh	
Modular Kitchen work and Safety works in Judicial Residence at Rajgarh Distt., Churu. UBN: RRC2526WSOB00041	08.90 Lakh	ई-018/ 25-26
Providing Ride on as & when required. UBN: RRC2526WSOB00042	06.00 Lakh	021/ 25-26
HT/LT Line Shifting work of ITI Building Harsoli Distt. Alwar. UBN: RRC2526WSOB00043	09.10 Lakh	ई-022/ 25-26
Remaining work in Court Room at First Floor for ADJ and other Facilities at Second Floor at ADJ Court, Sikrai (Dausa). UBN: RRC2526WSOB00044	04.86 Lakh	025/ 25-26

निविदा प्रपत्र शुल्क, धरोहर राशि, निविदा बेचने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन, वेबसाइट http://pwd.rajasthan.gov.in/rsrdc एवं http://sppp.rajasthan.nic.in पर उपलब्ध है। ई- निविदा हेतु संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।
महाप्रबंधक

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः 501, साल्कॉन ऑरम, जसोला जिला केंद्र, नई दिल्ली - 110025
सीआईएनः U65900DL2020PLC366027

नीलामी सूचना

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के निम्नलिखित ऋणधारकों को सूचित किया जाता है कि बैंक से उनके द्वारा लिए गए गोल्ड ऋण/ों को बैंक द्वारा जारी किए गए व्यक्तिगत नोटिस सहित विभिन्न मांगों और नोटिसों के बावजूद समायोजित नहीं किया गया है। सभी ऋणधारकों को सूचित किया जाता है कि बैंक के पास प्रतिभूति के रूप में रखे गए सोने के आभूषणों की नीलामी करने का निर्णय लिया गया है और तदनुसार दोपहर 11:00 बजे उस शाखा परिसर में नीलामी की तारीख तय की गई है जहां से ऋण लिया गया था। नीलामी के नियमों और शर्तों के अनुसार, ऋणधारकों, खाताधारकों और आमजन सहित समस्त लोग इस नीलामी में भाग ले सकते हैं।

नीलामी की तिथि है 28 अप्रेल 2025 @ दोपहर 11:00

क्र.सं.	शाखा	खाता सं.	खाता धारक का नाम
1	इंदिरापुरम	101942520310	मयूर पारीक
2	माजीवाड़ा ठाणे	103742511436	सुहैल वारख़्वाला
3	माजीवाड़ा ठाणे	103742512278	कुसुम एस गुप्ता

बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी खाते को नीलामी से हटाने या नीलामी रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
प्राधिकृत अधिकारी, शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड IDFC FIRST Bank
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ एकीकृत और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से ज्ञात)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय : केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
फोन : +91 44 4564 4000 । फैक्स- +91 44 4564 4022

प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों के पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अधीन सूचना

निम्न ऋणधारकों एवं सह-ऋणधारकों ने नीचे वर्णित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ एकीकृत और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से ज्ञात) से सुरक्षित ऋण लिया था। निम्नलिखित ऋणधारकों एवं सह-ऋणधारकों के ऋण उनकी संबंधित सम्पत्तियों को बंधक द्वारा सुरक्षित रखा गया है। क्योंकि उन्होंने संबंधित ऋण समझौते के नियम व शर्तों की पालना नहीं की है और अनियमित हो गये है, उनके ऋणों को आरबीआई की गाइडलाइन्स के अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ एकीकृत और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से ज्ञात) को देय राशियाँ उनको जारी संबंधित नोटिसों में लिखी गयी है तथा विशेष रूप से निम्न सारणी में वर्णित है और उक्त राशियों पर संबंधित तिथियों से अनुबंध की प्रभावी दर से आगामी ब्याज भी लागू होगा तथा वह वसूला जायेगा।

क्र. सं.	ऋण खाता संख्या	ऋण का प्रकार	धारा 13(2) के नोटिस की तिथि	धारा 13(2) के नोटिस के अनुसार बकाया राशि
1.	41666463	सम्पत्ति के विरुद्ध ऋण	29.03.2025	2,80,229.30/-

ऋणधारकों और सह-ऋणधारकों का नामः 1. इस्लाम इमामुद्दीन 2. अफसाना इस्लाम
संपत्ति का पताः ग्राम : ढाणी बोराज, ग्राम पंचायतः ढाणी बोराज, पंचायत समितिः दूदू, तहसीलः फुलेरा, जिलाः जयपुर, राजस्थान-303328 स्थित पट्टा सं. 48 सहित प्लाट के समस्त खण्ड व हिस्से, प्लाट क्षेत्र 1179.5 स्क्वेयर फीट अर्थात 131.05 स्क्वेयर यार्ड्स **और सीमा इस प्रकार हैः-पूवः आम रास्ता, पश्चिमः शंकर रणवा का बाड़ा और रामनिवास जांगिड़ का बाड़ा, उत्तरः फकरुद्दीन का बाड़ा, दक्षिणः लाला मोहम्मद का बाड़ा**

क्र. सं.	ऋण खाता संख्या	ऋण का प्रकार	धारा 13(2) के नोटिस की तिथि	धारा 13(2) के नोटिस के अनुसार बकाया राशि
2.	9513120	होम फाइनेंस एचएल	22.03.2025	11,51,293.58/-

ऋणधारकों और सह-ऋणधारकों का नामः 1. महेश कुमार सोनी 2. सरोज सोनी
संपत्ति का पताः प्रताप नगर, कलवाड़ रोड़, झोटवाड़ा, जयपुर, राजस्थान-302012 स्थित प्लॉट नंबर 39 पर निर्मित 'शिवधाम IX"' पहली मंजिल पर फ्लैट/यूनिट नंबर एफ-1 के समस्त खण्ड व हिस्से, अधिमापन 717.76 स्क्वेयर फीट और सीमा इस प्रकार हैः- पूवः सरकारी सड़क 30 फीट चौड़ी, पश्चिमः प्लॉट नंबर 46, उत्तरः प्लॉट नंबर 38, दक्षिणः प्लॉट नंबर 40

आपको एतद्वारा, इस प्रकाशन के 60 दिनों के अन्दर, ऊपर सारणी में दर्शाई राशियों को संबंधित तिथियों से, उस पर लगे आगे के अनुबंध में ब्याज दर तथा अन्य लागतों, प्रभारों आदि सहित **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ एकीकृत और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से ज्ञात)** को भुगतान करने को कहा जा रहा है, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को सरफेसी अधिनियम की धारा 13 (4) तथा धारा 14 के तहत, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ एकीकृत और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से ज्ञात) को देय राशि वसूल करने के लिये, बंधक रखी सम्पत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिये बाध्य होना पड़ेगा/इसके अलावा उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत आप उक्त सम्पत्तियों को बिक्री/लीज अथवा किसी अन्य प्रकार से ट्रांसफर नहीं करने के लिये प्रतिबंधित है।

ह./-
प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक : 18.04.2025 आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड
स्थान- जयपुर के साथ एकीकृत और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से ज्ञात)

कार्यक्रम — मोदी विवि में छात्राओं को बेहतर भविष्य की ओर ले जाने वाले कोर्स

प्रेस क्लब में आयोजित 'संवाद' में विवि अधिकारियों ने नए सत्र के बारे में दी जानकारी

जयपुर (सीमा सन्देश सं.)। लक्ष्मणगढ़ स्थित मोदी विवि में छात्राओं को बेहतर भविष्य की ओर ले जाने वाले कोर्स हैं। यह जानकारी यहां पिंकसिटी प्रेस क्लब में गुरुवार दोपहर आयोजित 'संवाद' कार्यक्रम में विवि अधिकारियों ने मीडिया को दी। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के डीजीएम (एडमिशन) प्रवीण झा, डिप्टी डीन, ऑफिस ऑफ इंटरनेशनल रिलेशन हितेश जांगिड़ के साथ पीआरओ राजीव सिंह भी उपस्थित थे।

उन्होंने बताया कि विवि का 265 एकड़ का विशाल कैम्पस 'शिक्षा से नारी सशक्तीकरण' अभियान को आगे बढ़ा रहा है। विवि के स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स एंड साइंसेज, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग, स्कूल ऑफ लॉ, स्कूल ऑफ डिजाइन एवं स्कूल ऑफ बिजनेस में विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएचडी कोर्स करवाये जाते हैं। अनेक कोर्स पूर्णतः कौशल आधारित हैं, इनमें डेटा साइंस, मशीन लर्निंग, फोरेंसिक साइंस, फूड एंड न्यूट्रीशन, फिजियोथैरेपी, जर्नलिज्म एंड मास कम्यूनिकेशन, बायोमेडिकल एवं न्यूक्लियर सांस एंड टेक्नोलॉजी जैसे कोर्स हैं। फार्मेसी क्षेत्र में बढ़ते रोजगार के अवसरों को देखते हुए विवि ने डी फार्मा एवं बी फार्मा कोर्स की शुरूआत की हैं। सभी वर्गों को शिक्षा के समान अवसर मुहैया कराने के उद्देश्य से ऑनलाइन माध्यम की भी शुरूआत की है। इसके अंतर्गत बीए, बीकॉम, एमकॉम के साथ ही एमबीए और एमसीए जैसे विभिन्न कोर्स करवाए जाएंगे। इस माध्यम में छात्र भी दाखिला ले सकते हैं। विवि का कॅरियर डवलपमेंट सेल छात्राओं को इंटर्नशिप एवं प्लेसमेंट का भी अवसर प्रदान करता है। अनेक विश्वविख्यात कंपनियां विवि में कैम्पस सलेक्शन के लिए पहुंचती हैं। वर्तमान सत्र में चयनित छात्राओं को अधिकतम 33 लाख और एवरेज 11 लाख का पैकेज प्राप्त हुआ है। विवि ने कई इंटरनेशनल कॉलोबोरेशन भी किये हैं। विशेष इंग्लिश ट्रेनिंग कैम्प का भी आयोजन किया जाता है। विवि अमेरिका, फ्रांस, जापान, जर्मनी, यूके व कनाडा जैसे प्रमुख देशों से सेमेस्टर एक्सचेंज प्रोग्राम का भी आयोजन करता है।

संवाद में जानकारी देते मोदी विवि के अधिकारी। छाया : सुरेन्द्र जैन 'पारस')

नए सत्र में विशेष छात्रवृत्ति की घोषणा

उन्होंने बताया कि मोदी विद्यालय और विश्वविद्यालय छात्राओं की शिक्षा को अनवरत जारी रखना चाहती है और इसी के मद्देनजर छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति लेकर आए हैं, ताकि आर्थिक स्थिति किसी की भी शिक्षा में रुकावट न बने। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की टॉपर छात्राओं को 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। कक्षा 12 के परिणाम के आधार पर ीी 50 प्रतिशत की छात्रवृत्ति का प्रावधान है। राजस्थान एवं केन्द्रीय बोर्ड की तीन टॉपर को 100 प्रतिशत तक की छात्रवृत्ति